# पोषण आहार योजना में नाम जोड़ने के निर्देश

### संबल योजना अंतर्गत ईपीओ जारी, मिलेगी दो लाख की अनुग्रह सहायता



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान पोषण आहार, संबल योजना एवं आवास से संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर आवेदको को लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जनसुनवाई के दौरान कुल 92 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर संजय जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

संबल योजना अंतर्गत ईपीओ जारी, मिलेगी दो लाख की अनुग्रह सहायता

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा ग्राम राडेप निवासी श्रीमती शीला बाई को जानकारी प्रदान की गई कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि का ईपीओ जारी हो गया है तथा शीघ्र ही बैंक खाते में उक्त राशि प्राप्त होगी। महिला ने आवेदन प्रस्तुत किया था कि उसके पति स्व. रामदयाल की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी, संबल योजना अंतर्गत पंजीयन होने से अनुग्रह राशि प्रदान की जाये, उक्त आवेदन के परीक्षण के बाद अवगत कराया गया कि राशि स्वीकृत होकर ईपीओ भी जारी हो गया है, शीघ्र ही राज्य स्तर से डीबीटी के माध्यम से दो लाख रूपये प्राप्त होंगे।

इसी प्रकार मुकेश आर्य को अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृति हो चुकी है। श्री आर्य ने आवेदन प्रस्तुत कर पत्नि स्व. श्रीमती ममता आर्य की सामान्य मृत्यु पर अनुग्रह सहायता राशि की मांग की गई थी। आवेदन के परीक्षण उपरांत जानकारी दी गई कि योजना के तहत दो लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर दी गई है।

### 1500 रूपये प्रतिमाह की राशि प्रदाय की जाती है

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम धोकरी निवासी श्रीमती भारती आदिवासी का नाम पोषण आहार अनुदान योजना में जोडने के निर्देश दिये गये। योजना के तहत सहरिया मुखिया महिलाओं को शासन की ओर से 1500 रूपये प्रतिमाह की राशि प्रदाय की जाती है।

पूजा को मिलेगा आवास योजना का लाभ – सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा ग्राम कराहल निवासी श्रीमती पूजा राठौर पत्नि रामदयाल राठौर के आवास की मांग संबंधी आवेदन का तत्काल निराकरण करते हुए अवगत कराया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण 2.0 अंतर्गत सूची में नाम जोड दिया गया है, शीघ्र ही आवास योजना अंतर्गत किस्त की राशि प्रदाय की जायेगी।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्य आनंद द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि प्रदाय किये जाने संबंधी आवेदन का तत्काल निराकरण करते हुए अवगत कराया कि राशि बैंक खाते में जारी हो गई है। वार्ड 10 श्योपुर निवासी लटुर बैरवा के आवेदन के परीक्षण उपरांत जानकारी दी गई कि संबल योजना अंतर्गत दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि डीबीटी के माध्यम से बैंक खाते में जारी हो गई है। आवेदक द्वारा अपनी पत्नि स्व. श्रीमती बजरंगी बैरवा की सामान्य मृत्यु पर योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि दिये जाने की मांग की गई थी।



# धूम्रपान निषेध पर विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत आज शासकीय हाईस्कूल एवं प्राइमरी स्कूल रायपुरा सहित मॉडर्न कान्वेंट स्कूल श्योपुर, एकीकृत मिडिल स्कूल जाटखेडा, प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल चम्बल कॉलोनी श्योपुर में धूम्रपान निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम अयोजित किये गये।

इस अवसर पर नशामुक्त अभियान के नोडल डॉ प्रदीप शर्मा ने बताया कि हम सभी को तम्बाकू का सेवन नहीं करना है हम सबको मिलकर अपने विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त बनाना है, तम्बाकू का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, तंबाकू के सेवन से या तंबाकू के खाने से शारीरिक, आर्थिक एव मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है तम्बाकु मे 4000 रसायन तत्व पेय पाए जाते हैं जिनमें से 60 प्रकार के रसायन कैंसर के रोग उत्त्पन्न करते है। तंबाकू में मौजुद निकोटीन रसायन नशे का आदी बनाता है ये धूम्रपान के जरीये 7 सेकंड में दिमाग तक पहुंच जाता है और फेफड़े, धमनियों में घुल जाता है इसके सेवन से फेफड़ों का सिकुडना, मुंह का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, किडनी, के साथ साथ टीबी रोग मधुमेह अन्य बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर तम्बाकू सेवन नही करने के प्रति जागरूकता हेतु शपथ भी ली गई।

अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी आरबी शाक्य, स्कूल के प्राचार्य ओमप्रकाश राठोर, अवदेश प्रताप सिंह सहित शिक्षकगण आदि उपस्थित थें।



# नशामुक्त अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

### महाविद्यालय में छात्रों ने ली नशामुक्ति के प्रति प्रेरणा की शपथ

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा नशामुक्ति के प्रति प्रेरणा की शपथ ली गई। इस दौरान सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से अमृतसर में आयोजित कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग की उप संचालक श्रीमती शशिकिरण इक्का, प्राध्यापक डॉ विपिन बिहारी शर्मा, डॉ सीमा चौकसे, प्रेमचंद एक्का, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ओमवीर रघुवशी आदि उपस्थित रहें।

# लगाए जाएंगे 30 हजार 546 से अधिक स्मार्ट मीटर, भ्रांतियां दूर करने दी अहम जानकारियां

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर अभियान के तहत श्योपुर जिले में 30 हजार 546 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जाएंगे जिसमें से अब तक 474 स्मार्ट मीटर स्थापित किये जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर सभी के लिए फायदेमंद और उपभोक्ताओं के हित में हैं, इसलिए सभी को स्मार्ट मीटर लगाने में कंपनी का सहयोग करना चाहिए। स्मार्ट मीटर से अनेक फायदे हैं, जैसे रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं होती है, मीटर रीडर भी घर पर रीडिंग लेने नहीं आता है, ऑटोमैटिक सटीक व पारदर्शी रीडिंग होती है। उपभोक्ता रियल टाइम खपत का डाटा भी देख सकते हैं। अगले महीने कितना बिल आ सकता है, यह फॉरकास्ट भी उपाय एप के माध्यंम से देख सकते हैं।

यह बात मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के.पवार ने स्मार्ट मीटर से होने वाले लाभ तथा मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ता हित में चलाई जा रही शासन की योजनाओं जैसे समाधान योजना 2025-26, ग्रामीण क्षेत्र में 5 रुपये में नवीन कनेक्शंन, सोलर रूफ्टॉप आदि को आम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला पंचायत सभागार, श्योपुर में आयोजित मीडिया कार्यशाला में कही। इस अवसर पर महाप्रबंधक श्योपुर वृत्त एल.एन. पाटीदार, उपमहाप्रबंधक (साउथ डिवीजन) मो. आसिफ इकबाल, उपमहाप्रबंधक (नार्थ डिवीजन) शुभम कुमार, प्रतीक टुडेंलकर, भदौरिया, लवलेश पनिका सहित बिजली कंपनी के अन्य अधिकारी एवं भोपाल से आये वरिष्ठ जनसंपर्क अधिकारी मनोज द्विवेदी सहित जिले के विभिन्न समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



कार्यशाला को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के.पवार ने बताया कि श्योपुर वृत्त के 397 उपभोक्ताओं को 02 लाख 23 हजार रूपए की दिन के टैरिफमें छूट प्रदान की गई है। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को नए टैरिफ आर्डर के अनुसार अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफमें सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपयोग की गई बिजली पर 20 प्रतिशत की छूट मिल रही है। जिसके तहत इनमें से स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी (यदि कोई हो) को छोड़कर की जा रही है। यह उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। कार्यशाला के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक स्मार्ट मीटर लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आव्हा्न किया तथा कार्यशाला में मीडिया के प्रश्नों के जबाव देते हुए मीडिया से प्राप्त फीडबैक के अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके द्वारा दिये गये सुझावों को वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए अमल में लाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाधान योजना 2025-26 पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा महाप्रबंधक एलएन पाटीदार द्वारा योजना के संबंध में भी प्रस्तुतीकरण दिया गया।

**परिसर में रीडिंग लेने आने की आवश्यएकता नहीं:** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) सी.के. पवार ने मीडिया से चर्चा करते हुये बताया कि शहर के लोगों में स्मार्ट मीटर को लेकर जो भ्रांतियां हैं, उन्हें दूर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि विद्युत स्मार्ट मीटर लगने के बाद परिसर में रीडिंग लेने आने की जरूरत नहीं होती है, ऑटोमेटिक सटीक रीडिंग होती है। मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं होती है। उपभोक्ता अपनी प्रतिदिन की विद्युत खपत स्मार्ट मीटर के माध्यम से देख सकता है। उन्होंने बताया कि दैनिक के साथ -साथ सप्ताहिक अथवा मासिक खपत आसानी से देखी जा सकती है, और बिजली की कितनी खपत हो रही है, अगले महीने उसका कितना बिल आ सकता है, उसका पूर्वानुमान भी आसानी से लगाया जा सकता है।

# राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी लखनऊ में, 21 सदस्यीय स्काउट गाइड दल भाग लेने रवाना



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कमिश्नर स्काउट एमएल गर्ग के निर्देशन में श्योपुर जिले से भारत स्काऊट एवं गाइड जिला संघ श्योपुर का 21 सदस्यीय दल राष्ट्रीय डायमंड जुबली जंबूरी एवं 19वीं स्काउट गाइड राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने हेतु आज लखनऊ रवाना हुआ। जंबूरी का आयोजन लखनऊ में 23 से 29 नवंबर तक किया जा रहा है।

जिला सचिव रोशन लाल गर्ग ने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड संस्था का आजाद भारत में 75वां स्थापना दिवस भव्य एवं आकर्षक रूप में मनाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का 23 नवंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा शुभारंभ किया जाएगा एवं 29 नवंबर 2025 को भारत गणतंत्र की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी द्वारा भव्य समापन किया जाएगा। इसमें देश और विदेश के 38000 से अधिक स्काउट-गाइड एवं उनके अधिकारी भाग लेंगे। देश के सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों और रेलवे के विभिन्न जोन के प्रतिनिधि शामिलह होंगे। इसमें सभी सार्क देशों के प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। दल को रवाना करने के अवसर पर जिला आयुक्त डीके सक्सेना, जिला आयुक्त मदन गर्ग, जिला आयुक्त सुश्री रीना प्रजापति, जिला कोषाध्यक्ष पवन गोयल, जिला सचिव रोशनलाल गर्ग, जिला कमिश्नर गाइड सुश्री अर्चना तिवारी, डीओसी ओपी सिकरवार स्काउट-गाइड के विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उनके माता-पिता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। 21 सदस्यों के दल में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से स्काऊट पवन प्रजापति एवं गाइड डिंपी प्रजापति, शासकीय कन्या उमावि श्योपुर से गाइड पायल रेगर एवं नंदिनी रेगर, शासकीय सांदीपनि उमावि श्योपुर से गाइड राशि गोयल, शासकीय श्री हजारेश्वर उमावि श्योपुर से स्काउट भानु प्रताप जांगिड़, शासकीय सांदीपनि उमावि बड़ौदा से स्काउट शिवम सेन एवं सागर सुमन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर से स्काउट अर्पण सोनी एवं गाइड राजकुमारी गुर्जर, शासकीय सांदीपनि उमावि विजयपुर से स्काउट व्योम चंद्रवंशी, शासकीय उमावि इकलौद से स्काउट ऋतुराज धाकड़ एवं सचिन धाकड़, अशासकीय मॉडर्न कान्वेंट स्कूल जाटखेड़ा श्योपुर से गाइड अवनी गर्ग एवं स्काउट प्रणय गुप्ता, अशासकीय चिल्ड्रन पैराडाइस स्कूल माधोराजपुरा से गाइड शांभवी बाजपेई, अशासकीय ध्रुव स्टार कान्वेंट स्कूल से गाइड दीपा प्रजापति, अशासकीय अल्फा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्योपुर से गाइड खुशी मंगल, रोवर जतिन शिवहरे, जिला दल नेता दिवाकर कटारे एवं उप जिला दल नेता सुश्री रंजना रावत शामिल है। यह दल सर्वप्रथम 18 नवंबर को संभागीय प्रशिक्षण केंद्र जिंगनी मुरैना पहुंचकर 3 दिवसीय पूर्वअभ्यास शिविर में शामिल होगा। तत्पश्चात 21 नवंबर को ट्रेन द्वारा लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगा।

# ढोढ़र में 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा एवं ग्वालियर संभाग आबकारी उपायुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं जिला आबकारी अधिकारी कमल सिंह सिकरवार के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के विक्रय पर लगातार कार्यवाही की जा रहे है।

जिला आबकारी अधिकारी श्री सिकरवार ने बताया कि ढोढर में शराब के अवैध विक्रय की सूचना के आधार दबिश दी गई, मौके से 40 लीटर हाथभट्टी मदिरा बरामद की गई और मौके पर 800 किलोग्राम लाहन नष्ट किया गया। कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 4 प्रकरण कायम किया, प्रकरण में जप्त शुदा सामग्री की कुल अनुमानित कीमत लगभग 88000 रुपये पाई गई।

कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक संजीव कुमार धुर्वे, आरक्षक विकास श्रीवास्तव, कोक सिंह रावत, ब्रगभान जाटव, मोनू शाक्य शामिल रहें।

# छात्रावास एवं आश्रमों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति आश्रम सिप्पी का सहराना मकडावदा, रतोदन एवं बडौदा वार्ड नंबर 15 स्थित छात्रावासों में स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित किये गये।

अनुसूचित जनजाति आश्रम सिप्पी का सहराना में पीएचसी दुर्गापुरी के मेडिकल ऑफिसर डॉ यश दांगी, आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सबीना खान, सीएचओ पप्पू सुमन, विष्णु मीणा व आशा द्वारा आश्रम में उपस्थित 46 बच्चों का स्वास्थ परिक्षण किया गया तथा अनुसूचित जनजाति बालिका छात्रावास रतोदन में बडौदा सीएचसी के बीएमओ डॉ राघवेन्द्र सिंह, आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ गिर्राज जांगिड़ , सी एच ओ बनवारी धाकड़ व आशा के द्वारा छात्रावास की 64 छात्राओ का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इसी प्रकार अनुसूचित जनजाति आश्रम मकड़ावदा मे मेडिकल ऑफिसर डॉ गणपत चौधरी, सीएचओ अशोक योगी, सुश्री प्रियंका व्यास द्वारा 50 विद्यार्थियों का स्वास्थ परीक्षण कर आवश्यकता नुसार चिकित्सा परामर्श एवं उपचार दिया गया।

अनुसूचित जाति सीनियर बालिका छात्रावास बड़ोदा में डॉ अविनाश सुमन, नेत्र सहायक संजीव यादव, एएनएम श्रीमती ममता जोनवाल के द्वारा 47 छात्रों का स्वास्थ परिक्षण किया गया।

साथ ही केम्प में एनीमिया की कमी की पूर्ती के लिए आयरन की गोली का सेवन करना एवं आयरन युक्त खाध्य पदाथों का सेवन करने के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विद्यार्थियों का नेत्र परीक्षण भी किया गया।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बहरावदा में कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 18 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में एनीमिया मुक्त भारत अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गति विधियों का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में एकीकृत मिडिल स्कूल बर्धाखुर्द में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना ने बच्चों से संवाद करते हुए आयरन की गोली के नियमित सेवन के लाभ बताए। उन्होने कहा कि आयरन की गोली बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। सभी बच्चों को हर मंगलवार को नीली गोली और गुलाबी गोली नियमित लेनी चाहिए। इसके साथ ही आयरन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, दाले, अनार, चुकंदर और विटामिन सी से भरपूर खाध्य पदार्थ, खट्टे फल, टमाटर आदि का सेवन करना चाहिए तथा चाय, काफी और केल्सियम युक्त भोजन से बचे क्यों की ये आयरन के अवशोषण को बाधित करते है।

### सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास का निरीक्षण

श्योपुर। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वर्मा के निर्देशानुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए संचालित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास का निरीक्षण किया गया।


### आम सूचना

श्री अजय राजपूत पुत्र श्री हरगोविन्द राजपूत के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम भगुवापुरा, तहसील सेंवढ़ा व जिला दतिया (ग.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.356/1/1 ग्राम भगुवापुरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1290 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है: पूर्व में-सम्पत्ति श्री नारायणदास, पश्चिम में-सेंवढ़ा-दतिया रोड, उत्तर में भूमि विक्रेता एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री संतोष बघेल है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामस्वरूप, श्री रतिराम, श्री हरगोविन्द पुत्रगण श्री रामगोपाल के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हरगोविन्द का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री अजय राजपूत पुत्र श्री हरगोविन्द राजपूत उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री अजय राजपूत द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री गोविन्द प्रसाद तिवारी पुत्र श्री ओमप्रकाश तिवारी के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री गोविन्द प्रसाद तिवारी द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री हरगोविन्द के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या भवन क्र.52. कैलाश विहार,**
**फेडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 98276-72710**


**उपलब्धि** केंद्र सरकार से मिली 25 लाख की पुरस्कार राशि

# जल संरक्षण में सराहनीय कार्यों के लिए बैतूल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

### केन्द्रीय मंत्री जल शक्ति ने किया सम्मानित
### वेस्टर्न जोन में बैतूल तीसरे स्थान पर आने पर सम्मान

**बैतूल। देश में जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैतूल जिले ने राष्ट्रीय पटल पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।**

न्यू दिल्ली के विज्ञान भवन में 18 नवंबर को आयोजित 6वां नेशनल वाटर अवार्ड समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री जल शक्ति मंत्रालय श्री सी.आर. पाटिल ने बैतूल जिला पंचायत सीईओ श्री अक्षत जैन को जल संचय जन भागीदारी अवार्ड से किया सम्मानित है। उन्हें यह सम्मान केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर मिला है। इसके साथ ही बैतूल जिले को 25 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। इस दौरान परियोजना अधिकारी मनरेगा संजय यादव भी उपस्थित रहें। उल्लेखनीय है कि जनसहभागिता से जल संरक्षण के कार्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने में बैतूल जिले ने देश में परचम लहराया है। केंद्र सरकार के जल संसाधन और नदी विकास विभाग द्वारा जल शक्ति अभियान अंतर्गत प्रारंभ किए गए नवाचार जल संचय जन भागीदारी अभियान में बैतूल जिले ने वेस्टर्न जोन में तृतीय स्थान हासिल किया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 31 मई 2025 तक जिले में 13499 जल संरक्षण कार्यों का सत्यापन किया गया है, जिसका अर्थ है कि यह सभी कार्य स्थल पर पूर्ण हो चुके हैं। इन कार्यों में खेत तालाब, स्टॉप डैम, कंटूर ट्रेंच, सोखपीट, चेक डैम, कपिलधारा, तालाब सौंदर्यीकरण आदि प्रमुख जल संरक्षण गतिविधियां शामिल रहीं। जिले में जल संरक्षण के लिए एक व्यापक रणनीति अपनाई गई। इसमें उद्योगों, स्वयंसेवी संगठनों, स्वयं सहायता समूहों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई। कम लागत और अधिक प्रभावी कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण एवं पुराने जलस्त्रोतों का पुनर्जीवन किया गया। ग्रामीण अंचलों में हजारों कृत्रिम रिचार्ज स्ट्रक्चर और प्रत्येक गाँव में जल संरचनाएं स्थापित कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दिया गया। स्थानीय संगठनों और जनसहभागिता से परियोजनाओं को स्थायित्व मिला। साथ ही नागरिकों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए गए। परिणामस्वरूप बैतूल जिले ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर देशभर में अपनी पहचान बनाई है।

# पीएमश्री एकीकृत स्कूल में मध्याह्न भोजन संतोषजनक

**पाथाखेड़ा। पाथाखेड़ा पीएम श्री एकीकृत कन्याशाला स्कूल पाथाखेड़ा में मध्याह्न भोजन की व्यवस्थाओं को लेकर मिली शिकायतों के बाद किए गए निरीक्षण में संपूर्ण व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।**

दोपहर 1 बजे के उपरांत बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया गया, जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने नहीं आई। निरीक्षण के दौरान देखा गया कि विद्यालय में आज के लिए खीर, पूरी और सब्जी का मेनू निर्धारित था, जिसे बच्चे स्वाद लेकर खा रहे थे। विद्यालय प्राचार्य अमिता रावत ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 180 से 190 बच्चों को नियमित रूप से मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराया जाता है। हालांकि आज की उपस्थिति के अनुसार लगभग 150 बच्चों ने भोजन ग्रहण किया। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि विद्यालय में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। चार सदस्यों की टीम द्वारा पूरी स्वच्छता के साथ भोजन तैयार किया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पीएम श्री एकीकृत स्कूल के माध्यमिक एवं प्राथमिक विभाग—दोनों के बच्चों हेतु भोजन एक साथ तैयार कर समयानुसार परोसा जाता है। शिकायतों के बाद किए गए।